फर्द अहकाम

नाम न्यायालय – न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बस्सी, जयपुर

प्रार्थी — **बनाम** — **अप्रार्थीगण**

रामगोपाल — **सरकार व अन्य**

केस संख्या 2025 / 9 (online number) — **अन्तर्गत धारा 13[illegible]–एल.आर.एक्ट 1956**

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
01.2025	यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने अन्तर्गत धारा 136–एल.आर.एक्ट 1956 के तहत पेश किया है। प्रार्थी द्वारा ग्राम ड्योड़ा चौड पटवार हल्का रामरतनपुरा भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र कानोता तहसील बस्सी के आराजी खसरा नम्बर 428/365, 429/365, 430/365, 431/365, 435/365, 436/365 के ऑन लाईन डिजिटल नक्शा एवं पटवारी के पास के पास उपलब्ध नक्शा लट्ठा में अन्तर है। खसरा नम्बर 365 एवं 367 का विभाजन न्यायालय आदेश के द्वारा करवाया गया था। उक्त विभाजन का इन्द्राज राजस्व नक्शा लट्ठा में पटवारी एवं भू–अभिलेख निरीक्षक द्वारा सही रूप में कर दिया गया था। वर्तमान में डीआईएलआरएमपी योजनान्तर्गत राजस्व नक्शा को डिजिटल प्रारूप में ऑनलाईन कर दिया गया है। उक्त डिजिटल नक्शा में खसरा नम्बर 431/365 एवं 436/365 का गलत इन्द्राज कर दिया गया है। अतः खसरा नम्बर 431/365 एवं 436/365 ग्राम ड्योडा चौड प.ह. रामरतनपुरा तहसील बस्सी का ऑन लाईन नक्शा वर्तमान लट्ठा नक्शा के अनुसार दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किया।	

जिसे दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार बस्सी द्वारा उक्त वादग्रस्त आराजी की तथ्यात्मक जॉच रिपोर्ट चाही गई। तहसीलदार बस्सी के पत्रांक भू0अ0/2024/4425 दिनांक 28.08.2024 द्वारा रिपोर्ट प्रेषित की जाने पर स्पष्ट है कि खसरा नम्बर 436/365 रकबा 0.2023 है0 एवं खसरा नम्बर 431/365 रकबा 0.2150 है0 स्थित ग्राम ड्योडा चौड की ऑन लाईन तरमीम मुताबिक सहमति विभाजन प्रस्ताव के नहीं होकर भिन्नता पाई गई है। जिसे नजरी शीट में लाल रंग से दर्शाया गया है। उक्त वादग्रस्त भूमि खसरा नम्बर 436/365 रकबा 0.2023 है0 एवं खसरा नम्बर 431/365 रकबा 0.2150 है0 स्थित ग्राम ड्योडा चौड की ऑन लाईन तरमीम मुताबिक सहमति विभाजन प्रस्ताव एवं तहसीलदार द्वारा प्रेषित वर्तमान लट्ठा नक्शा का नजरी नक्शा जिसको हरे रंग से दर्शाया गया है।

अतः पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों एवं तहसीलदार बस्सी द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के अवलोकन पश्चात् प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार बस्सी को आदेशित किया जाता है कि वादग्रस्त आराजी खसरा नम्बर 436/365 रकबा 0.2023 है0 एवं खसरा नम्बर 431/365 रकबा 0.2150 है0 स्थित ग्राम ड्योडा चौड प.ह. रामरतनपुरा तहसील बस्सी की ऑन लाईन नक्शें में तरमीम, सहमति विभाजन व वर्तमान लट्ठा नक्शा शीट एवं दिनांक 28.08.2024 द्वारा प्रेषित हरे रंग के नजरी नक्शें मुताबिक दुरूस्त किया जावें। तहसीलदार बस्सी को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

यह निर्णय आज दिनांक 15.01.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बस्सी,जयपुर